हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

अर्नब तूफान का असरः कार्तिक महीने में बरसा सावन



दिनभर की झमाझम बारिश से थमी शहर की रफ्तार और बाजारों में छाया सन्नाटा



बारिश से धान पर संकट किसानों को चिंता



कोरबा। चक्रवात के प्रभाव से लगातार हो रही बारिश ने धान किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में फसल पककर तैयार है, लेकिन बारिश और जलजमाव के कारण कटाई प्रभावित हो रही है। मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो किसानों को तैयार फसल में नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों के मुताबिक खेतों में पानी भरने से कटाई के साथ धान को खलिहान तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है। लगातार बारिश से पककर तैयार बालियां जमीन पर गिरने और दानों में नमी बढ़ने का खतरा है। इससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ बालियों में अंकुरण की आशंका भी बढ़ गई है।

कोरबा। बंगाल की खाड़ी और तटीय क्षेत्रों में सक्रिय हुए चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर जिले में भी पूरी तरह दिखने लगा है। आमतौर पर अक्टूबर के अंत और कार्तिक महीने में सुहावना मौसम रहता है, लेकिन इस बार अर्नव तूफान के प्रभाव ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। यहाँ कार्तिक के महीने में सावन जैसी झड़ी लग गई है, जिससे पूरा जिला कल रात से हो रही लगातार और मूसलाधार बारिश से तरबतर हो गया है। मौसम विभाग द्वारा चक्रवात को लेकर पहले ही यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किए जा चुके थे, जिसके चलते जिला प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। मौसम की इस चेतावनी का असर आम जनजीवन पर साफ देखने को मिला। भारी बारिश और सर्द हवाओं के कारण लोग अपने घरों में ही दुबके रहने को मजबूर हो गए। जरूरी कामों को छोड़कर किसी ने भी घर से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। नतीजतन शहर के मुख्य बाजारों, व्यस्त चौराहों और व्यावसायिक केंद्रों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। जो बाजार आम दिनों में खरीदारों की भीड़ और ग्राहकों की चहल-पहल से गुलजार रहते हैं, वहाँ वीरानी छाई रही। दुकानदारों को भी ग्राहकों का इंतजार करते हुए पूरा दिन बिताना पड़ा। लगातार हो रही बारिश की वजह से शहर के कई निचले इलाकों और सड़कों पर जलभराव की स्थिति भी बन गई है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अर्नव तूफान के असर से अगले कुछ घंटों तक जिले में आंधी-तूफान के साथ बारिश का दौर जारी रह सकता है। जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही घरों से बाहर निकलें और पूरी सावधानी बरतें। इस बेमौसम बारिश से एक ओर जहाँ ठंड में अचानक बढ़ोतरी हुई है, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंताएँ भी बढ़ गई हैं।

बारिश के कारण नहीं दिखा करवा चौथ का चांद

- बादलों के बीच छिपा रहा आसमान
- तूफान अर्नव का असर

कोरबा। सुहागिनों के सबसे बड़े और अखंड सौभाग्य के पर्व करवा चौथ पर इस बार मौसम की मार देखने को मिली। आसमान में छाए काले घने बादलों और भारी बारिश के कारण सुहागिनों को चांद के दीदार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। खराब मौसम के बावजूद महिलाओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

चंद्रमा के निकलने के निर्धारित समय पर जब महिलाओं ने छतों पर पहुंचकर छलनी और पूजा की थाली संभाली, तो आसमान में चांद बादलों की ओट में पूरी तरह गायब मिला। मूसलाधार बारिश और बादलों के डेरे के कारण कोरबा शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कहीं भी चांद का दीदार नहीं हो सका। मौसम के इस तेवर ने महिलाओं को असमंजस में डाल दिया कि अब व्रत कैसे खुलेगा। भले ही भारी बारिश ने चांद को छिपाए रखा, लेकिन महिलाओं का उत्साह टस से मस नहीं हुआ। अंततः कई महिलाओं ने मोबाइल पर अन्य सुरक्षित स्थानों के वीडियो या पंडितों द्वारा समय की पुष्टि किए जाने के बाद अपने पतियों का चेहरा देखकर और पानी ग्रहण कर अपना कठिन व्रत पूरा किया। बारिश के बीच भी बाजारों और घरों में पर्व को लेकर उमंग और उल्लास का माहौल बना रहा।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE KI GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA & 1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED
By Outlook
By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402

Video Shopping www.shreeshivam.com
दिल से दिवाली,
हर रिश्ते के लिए!
ख़ास FESTIVE COLLECTION
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Midnight Shopping
FRIDAY • SATURDAY • SUNDAY
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी • बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड • दुर्ग: संतरा बाड़ी, स्टेशन रोड
अधिक जानकारी के लिए, कॉल करें: 72229-55555
RAIPUR • BILASPUR • DURG • NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

खबर संक्षेप

मालवाहक की टक्कर से हवलदार घायल

बिलासपुर। ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार हवलदार को मालवाहक वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोनी निवासी धनसुसाय पैकरा हिर्री थाना में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। गुरूवार की सुबह 11.30 बजे वे घर से बाइक क्रमांक सीजी 14 बी, 3296 से ड्यूटी पर थाने जा रहे थे। छतौना मोड़ के पास सामने से आ रहे मालवाहक वाहन के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में श्री पैकरा के सिर में चोट आई है और एक पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल हवलदार को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। चकरभाठा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



इंश्योरेंश प्लान पूछने के बहाने युवती से अनाचार

बिलासपुर। इंश्योरेंश प्लान पूछने के बहाने एजेंट ने युवती को लाज में ले जाकर अनाचार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर टीआई शनिप रात्रे ने बताया, प्राइवेट इंश्योरेंश में प्लान एजेंट का काम करने वाली युवती पिछले दिनों बाहर जाने के लिए रेपिडो बुक की। गाड़ी में बैठकर युवती उसलापुर रेलवे स्टेशन गई। बातचीत के दौरान रेपिडो चालक अभिषेक सलूजा ने युवती पूछा क्या काम करती है। उसने बताया कि वह प्राइवेट बैंक में इंश्योरेंश प्लान बताने काम करती है। चालक ने कहा उन्हें भी बता दो पंसद आ गया तो वह वह भी ले लेगा। ट्रेन आने पर युवती उसे अपना कार्ड देकर चली गई। 28 अक्टूबर को रेपिडो चालक ने उसे फोन किया। युवती ने उसे व्यापार विहार बुलाया। चालक व्यापार विहार जाकर कहा रेस्टोरेंट चलते हैं। रेस्टोरेंट में नाश्ता कराने के बाद वह युवती को प्लान बताने के लिए पुराना बस स्टैण्ड स्थित शिवम लाज लेकर गया और वहां अनाचार कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर रेपिडो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



युवक पर चाकू से हमला सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। शराब दुकान में विवाद होने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सिम्स से मिली जानकारी के अनुसार, घुरू अमेरी निवासी मुकेश सूर्यवंशी पिता रामायण सूर्यवंशी दो दोस्तों के साथ सिरगिट्टी सेक्टर डी शराब दुकान गए थे। वहां किसी बात को लेकर मुकेश का एक युवक से विवाद हो गया, जिससे युवक पर मुकेश पर चाकू से हमला कर दिया गया है। दोस्तों के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस घटना के संबंध में पतासाजी करने में लगी हुई है।



पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण अरपा में आया पानी।

मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज अलर्ट, 50 किमी की रफ्तार से चल रही है हवा

'अर्नब' के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आंध्रप्रदेश से प्रदेश में दाखिल हुए अर्नब चक्रवात ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, बिलासपुर में पिछले 24 घंटे से अधिक बारिश हो चुकी है।

हालत यह है कि इस दौरान 47 मिमी बारिश दर्ज की गई है, वहीं अधिकतम तापमान में 7 से 8 डिग्री की कमी हो चुकी है, जिसके चलते लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है।

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय मौसमी हलचल अब बड़े चक्रवाती संकट का रूप ले रही है, इस दौरान पूर्व-मध्य एवं उससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी पर स्थित अवदाब तेजी से गहन होकर प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदलकर जिले सहित प्रदेश के कई हिस्से में बारिश कर रही है, यही कारण है कि किसानों के माथे पर बल पड़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा उत्तरी छत्तीसगढ़ यानी बिलासपुर और सरगुजा संभाग में इसका असर देखने को मिलेगा। जहां मूसलाधार से अति भारी होने का अंदेशा बना हुआ है, मौसम विभाग ने बिलासपुर के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है।

धान की फसल को भारी नुकसान की आशंका

असमय हो रही बारिश ने किसानों को मुसीबत में डाल दिया है, दरअसल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ही धान की फसल कटने लगती है। अधिकांश जिलों में धान की फसल पक चुकी है और कई क्षेत्रों में कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। तेज आंधी और भारी बारिश से खेतों में खड़ी पकी फसल गिर सकती है, जिससे दानों के झड़ने और पानी में डूबकर खराब होने के बाद किसानों का बड़ा नुकसान होने का डर सताने लगा है। किसानों की आशंका है कि 15 नंवबर से धान खरीदी शुरू होने वाली है, ऐसे में बारिश में भीग चुके धान में नमी बढ़ेगी और किसानों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा है।



31 तक बना रहेगा असर: मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है, मौसम विभाग ने आरेंट अलर्ट जारी किया है, चक्रवात का असर 31 अक्टूबर तक रह सकता है, खास बात यह है कि इस दौरान तेज हवाओं के चलने के कारण लोगों को दिन में भी पंखा चलाना नहीं पड़ रही है, वहीं अनुमान है कि बारिश बंद होते ही ठंड की वापसी हो सकती है।

चक्रवात अर्नब : बिलासपुर से टाटानगर एक्सप्रेस के पहिए थमेंगे आज

चक्रवात अर्नब का असर दूसरे दिन भी ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा। विशाखापट्टनम मंडल में ट्रैक पर जल भराव के कारण अचानक शुक्रवार को बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। वहीं बिलासपुर आने वाली हावड़ा और मुम्बई के साथ पुरी से आने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी ने घंटो यात्रियों को परेशान किया। तूफान की वजह से शुक्रवार को भी ट्रेनों की लेट लतीफी घंटों बनी रही। दो दिन के तूफान को देखते हुए रेल प्रशासन ने पहले ही अलर्ट जारी करने के साथ यात्रियों को समय से पहले स्टेशन पहुंचने की अपील की, लेकिन टेनों की लेट लतीफी ने यात्रियों को हलाकान कर दिया। शाम को अचानक जोन मुख्यालय से जारी किए गए नोटिफिकेशन में दक्षिण पूर्व रेलवे से प्राप्त जानकारी के मुताबि दक्षिण तटीय रेलवे विशाखापट्टनम मंडल के इक्छापुरम से झाड़ुपूडि स्टेशन के बीच ट्रैक में भारी जल भराव के कारण 30 अक्टूबर को बिलासपुर एवं टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114/18113 बिलासपुर-टाटानगर और टाटानगर से बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को रद्द कर दी गई है। इसके अलावा दूसरे दिन ट्रेन परिचालन करने वाले चालक व परिचालकों को भी हवा एवं बारिश के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी। इसकी वजह से दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर आने वाली हावड़ा-पुणे एसी दूरंतो एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद 6 घंटे, शाम 4.50 बजे आने वाली 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी मुम्बई रात 9 बजे के बाद 5 घंटे लेट, दोपहर 2.15 बजे पुरी से आने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद 7 घंटे, शाम 5.45 बजे बिलासपुर आने वाली 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू रात 8.30 बजे के बाद 3 घंटे, शाम 5.30 बजे आने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक, रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू 5.45 बजे के बाद रात 10 बजे 4 घंटे से अधिक, 03254 चर्लपल्ली से पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन 4.45 बजे के स्थान पर रात 10.30 बजे 6 घंटे, शाम 7.10 बजे आने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रात 12 बजे के बाद 5 घंटे से अधिक, सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर आने वाली सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन दूरंतो एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बाद 16 घंटे से अधिक लेट, देर रात 1.35 बजे आने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस सुबह 5 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक, 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी देर रात 1.15 बजे के बाद दूसरे दिन सुबह 8 बजे के बाद 7 घंटे लेट और रात 10.25 बजे आने वाली 01108 संतरागाछी-मुम्बई एलटीटी स्पेशल फेयर एक्सप्रेस सुबह 4 बजे के बाद 19 घंटे लेट बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची।

बारिश में उसलापुर स्टेशन का प्लेटफार्म बदहाल, ट्रेन पकड़ने छतरी का सहारा

चक्रवात अर्नब के कारण दो दिन से लगातार बारिश से उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का हाल बदहाल हो गया है, जहां दोपहर से लेकर रात तक यात्रियों को पानी से बचने के लिए शेड की तलाश करने के साथ ट्रेन में अपने कोच तक जाने के लिए छतरी का सहारा लेना पड़ रहा है।

उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक से अधिक गाड़ियों की आवाजाही प्लेटफार्म नम्बर 2 से हो रही है। इस प्लेटफार्म पर बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस, रींवा एक्सप्रेस, चिरमिरी पैसेंजर, कटनी मेमू, पेण्ड्रारोड मेमू के अलावा गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से उत्तर भारत की ओर जाने वाली संपर्कक्रांति, जम्मुतवी, गरीबरथ, नौतनवा, सारनाथ, अमरकंटक, हमसफर, अजमेर एक्सप्रेस और अन्य ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। इसकी वजह से प्लेटफार्म एक की तुलना में यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म दो पर अधिक रहती है। दोनों प्लेंटफार्म पर खाने-पीने के साथ अन्य सारी सुविधाएं तो दी गई है, लेकिन गर्मी के मौसम में धूप और बारिश के मौसम में पानी गिरने से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था अभी भी आधी अधूरी है। करीब 50 मीटर की दूरी पर लगाए गए शेड में केवल तीन से चार स्लीपर कोच के यात्रियों को ही शेड की सुविधा मिलती है। जनरल कोच, एसी कोच के यात्रियों को अधिक किराया राशि देने के बाद भी बारिश में भींगकर ट्रेन पकड़ना पड़ मजबूरी बन गई है।

- राशि सेंक्शन होने के बाद भी नहीं हो रहा है दोनों प्लेटफार्म पर शेड का विस्तार



राशि हो चुकी है स्वीकृत

आदर्श रेलवे स्टेशन में सेकेंड फेस के कार्यो को करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 24 करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत कर ली है। इसमें शेड का विस्तार करने के अलावा सेकेंड एंट्री की ओर स्टेशन गेट, बुकिंग काउंटर, पार्किंग, लाइटिंग के साथ अन्य कार्यो को किया जाना है। जनवरी फरवरी में राशि स्वीकृत होने के बावजूद अब तक इन कार्यो की शुरुआत रेल प्रशासन की ओर से नहीं की जा रही है।

सेकेंड फेस में कार्य

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर को डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है। यहां शेड, सड़क के अलावा जो भी कार्य बचे हुए हैं, उन सभी कार्यो को सेकेंड फेस में करने की संभावना है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

खाद्य विभाग की कार्रवाई, 418 किलो बताशा नष्ट, फर्म सील



बिलासपुर। दीपावली में जमकर बिकने वाली खाद्य सामाग्री बताशा में मिलावट और अमानक खाद्य पदार्थो के पाए जाने के बाद फूड विभाग ने चांटीडीह स्थित फर्म श्री राम कनफेक्शनरी पर छापामार कार्रवाई की और 28 कैरेट (418 किलो) बताशा नष्ट कर लिया है। विभाग के अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा नियमों का हवाला देते हुए फर्म में ताला लगा दिया है।

आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटखोरों और अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान छेड़ा है। गुरूवार को चांटीडीह वार्ड क्रमांक 47 के फर्म श्री राम कनफेक्शनरी का औचक निरीक्षण किया गया।प्रोप्राइटर रामदास साहू को अस्वच्छ तरीके से खाद्य सामाग्री बनाने को लेकर फटकार लगाई। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दशाओं में बताशा का निर्माण करने और खाद्य सुरक्षा मानकों के घोर उल्लंघन पर विभाग के अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई की है और 418 किलो बताशा जब्त कर नष्ट कर दिया है। वहीं फर्म में ताला जड़ दिया है। बताया जा रहा है कि बताशा का बाजार मुल्य करीब 27170 रूपए है। इस दौरान अभिहित अधिकारी आरआर देवांगन, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीरसागर पटेल,सुश्री अविषा मरावी,प्रतीक तिवारी मौजूद है। अभिहित अधिकारी ने कहा कि खाद्य त्यौहारी सीजन के दौरान आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने पर किसी भी संस्थान व व्यक्तियों को बचाया नहीं जाएगा। जिले में इस प्रकार की औचक निरीक्षण कार्रवाई जारी रहेगी।

परसदा फाटक पर चार कंपोजिट गर्डर लांचिंग

बिलासपुर। समपार परसदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज निर्माण कार्य कें दौरान 500 टन क्षमता वाली क्रेन की सहायता से 36-36 मीटर के चार कंपोजिट गर्डर की सफल लांचिंग की गई है। जयरामनगर से गतौरा स्टेशन के बीच परसदा फाटक पर रोड ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रगति पर है। गर्डर की लांचिंग के लिए 500 टन क्षमता वाली क्रेनों का उपयोग किया गया। संपूर्ण लांचिंग कार्य दो ट्रैफिक ब्लॉक में प्रति 1 घंटे 30 मिनट की अवधि में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। लांचिंग के साथ ही इस रोड ओवरब्रिज निर्माण का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है।

बिलासपुर से परिवर्तित की गई ओखा एक्सप्रेस

बिलासपुर। पश्चिम रेलवे राजकोट मंडल के जामवणथली-अलियावाड़ा सेक्शन के बीच चल रहे दोहरीकरण कार्य के तहत जामवणथली स्टेशन में ब्लॉक लेकर नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से 2 नवम्बर को बिलासपुर से रवाना होने वाली 22940 बिलासपुर-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया राजकोट, भक्तिनगर, वांसजालिया, कानालुस के रास्ते से ओखा स्टेशन तक चलाई जाएगी।

बारिश के बीच बिजली की आंख मिचौली, मेंटनेंस की खुली पोल

बिलासपुर। अचानक आई बारिश ने बिजली विभाग के शेड्यूल मेंटनेंस की पोल खोल दी है। कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को घंटों बिजली का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान एक बार फिर बिजली कर्मचारी और अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को अनसूना किया और फ्यूज कॉल सेंटरों के कर्मचारी और उपभोक्ताओं के बीच कहासुनी तक होती रही है। अर्नब चक्रवात के कारण जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है वहीं बिजली ने लोगों को बेहाल कर दिया है, बार-बार बिजली बंद होने के कारण लोगों के सब्र का बांध टूटने लगा है, और कई फ्यूज कॉल सेंटरों में उपभोक्ताओं ने कर्मचारियों को जमकर खरीखोटी सुनाई है। बताया जा रहा है कि गोल बाजार क्षेत्र में गोड़पारा और मसाननगंज क्षेत्र में सुबह से 8 से 10 बिजली बंद होती रही, जिसके बाद कुछ उपभोक्ताओं ने श्याम टाकिज फ्यूज कॉल में जाकर शिकायत की और कर्मचारियों को व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा है। इसके साथ ही तिकल नगर क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास स्थित ट्रांसफार्मर में गुरूवार शाम अचानक आग लग गई, जिसके चलते क्षेत्र की बिजली ठप रही। वहीं विनोबा नगर में सुबह से शाम तक कई बार बिजली बंद रही है।

मोबाइल के लिए तोड़ दी पाइप लाइन

बिलासपुर। सिम्स में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा का डेढ़ लाख का मोबाइल टायलेट में गिर गया, मोबाइल ड्रेनेज के रास्ते पाइप में जा फंसा, इसके बाद सिम्स के कर्मचारियों ने पाइप लाइन को तोड़ कर मोबाइल को बरामद कर लिया है। सिम्स में अध्ययनरत नर्सिंग छात्रा पूजा कलवानी का मोबाइल टायलेट में गिर गया। मोबाइल डेढ़ लाख रूपए का था, ऐसे में उसे पाने के लिए छात्रा ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया लेकिन मोबाइल ड्रेनेज पाइप में जा फंसा, जिसके बाद सिम्स के कुछ कर्मचारियों ने मोबाइल निकालने की जुगाड़ बनाया लेकिन अंततः मोबाइल नहीं निकला। इसके बाद शाम होते-होते पाइप लाइन को तोड़ कर फोन निकल लिया गया है। खास बात यह है कि महज एक मोबाइल के लिए सिम्स के पाइप लाइन को ही तोड़ दिया गया।

25 हजार की रिश्वत लेने वाला पटवारी निलंबित

सोशल मीडिया में वायरल हुआ था लेनदेन का वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बटवारा का एक प्रकरण सुलझाने के एवज में पक्षकार से रिश्वत की मांग करने एवं 25 हजार रूपए लेने के मामले में कलेक्टर ने पचपेड़ी तहसील अंतर्गत धुर्वाकारी हल्का में पदस्थ पटवारी ऋषिपुरी गोस्वामी को निलंबित कर दिया है। रिश्वत के लेनदेन के संबंध में बीते दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी जांच के बाद प्रकरण सही पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई है।



- कलेक्टर ने की कार्रवाई

बीते दिनों सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में एक पटवारी व पक्षकार को एक बटवारा प्रकरण के निराकरण के एवज में आपसी लेनदेन करते दिखाया गया था। कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वायरल वीडियो की तसीलदार पचपेड़ी से जांच कराई गई थी। तहसीलदार द्वारा जांच के दौरान राजस्व संबंधी कामकाज के लिए रिश्वत मांगने एवं लेने की शिकायत सही पाई गई। कलेक्टर द्वारा जारी निलंबन आदेश के अनुसार पचपेड़ी तहसील के धुर्वाकारी में पदस्थ उक्त पटवारी ऋषिपुरी गोस्वामी के उक्त कृत्य से शासन की छवि धूमिल हुई है।

पटवारी का उपरोक्त कृत्य सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है एवं गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिससे दोषी पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

निलंबन अवधि में पटवारी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०)-कोटा निर्धारित किया जाता है। निलंबन की अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

पटाखा दुकानों में सुरक्षा से समझौता नहीं शर्तों के उल्लंघन पर निरस्त होगा लाइसेंस

बिलासपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखा दुकानों में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा के लिए कमांडेंट होम गार्ड्स एवं जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ ने सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले के सभी पटाखा दुकान संचालकों को इसका पालन करने के निर्देश दिए हैं। श्री नाथ ने कहा कि दुकानों का नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। निर्धारित शर्तों का पालन नहीं करने पर संबंधित दुकान का लाइसेंस निरस्त कर कार्रवाई की जाएगी। जारी निर्देशों के अनुसार पटाखा दुकानें रिहायशी क्षेत्रों अथवा बाजार के पास नहीं खोली जाएंगी। दुकानों का निर्माण कपड़ा, बांस, रस्सी और टेंट जैसी ज्वलनशील सामग्री से करने के बजाय अज्वलनशील टिन शेड से किया जाए तथा अग्निमंदक घोल से उपचारित किया जाए। दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए और दुकानें एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं बनाई जाएं। किसी भी पटाखा दुकान के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक दुकान में पांच किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य है। इसके साथ ही दुकान के अंदर और बाहर अलग-अलग 100-100 लीटर पानी उपलब्ध रखा जाए। दुकानों के सामने बाइक और कार की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

दुकानों में रोशनी के लिए तेल अथवा गैस के लैम्प और खुली बिजली बत्ती का उपयोग नहीं किया जाए। विद्युत तारों के जोड़ खुले नहीं होने चाहिए। श्री नाथ ने दुकान परिसर में अग्निशमन विभाग और एम्बुलेंस के फोन नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने तथा अस्थायी संरचनाओं एवं पंडालों के निर्माण में निर्धारित भारतीय मानक का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

जर्जर भवन में संचालित हो रहा तुस्मा का आंगनबाड़ी केन्द्र, जिम्मेदार विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल व्यवस्था सामने आई है। गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 और केंद्र क्रमांक 5 के पास आज तक अपना स्थायी भवन नहीं है। एक केंद्र किराए के भवन में तो दूसरा टूटी फूटी ढांचे में संचालित हो रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों को किस तरह का वातावरण मिल रहा है,इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं,जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों के पोषण,स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के साथ ही उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर ध्यान दिया जाता है। लेकिन जब इन केंद्रों के पास अपना सुरक्षित और व्यवस्थित भवन ही नहीं हो, तो बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है।वर्ष 1998 से टूटी फूटी भवन में संचालित केंद्र क्रमांक 5मिली जानकारी के अनुसार,तुस्मा का आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 वर्ष 1998 से टूटी फूटी भवन में संचालित हो रहा है। इतने लंबे समय बीत जाने के बाद भी केंद्र को अपना स्थायी भवन नहीं मिल सका है।वहीं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। दोनों केंद्रों की स्थिति गांव में आंगनबाड़ी सुविधाओं के लिए स्थायी बुनियादी ढांचा विकसित करने की आवश्यकता को उजागर करती है।ग्रामीणों का सवाल है कि जब बच्चों के भविष्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही जाती है,तो फिर वर्षों से संचालित इन केंद्रों के लिए भवन की व्यवस्था क्यों नहीं हो सकी है। यदि भवन निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी थी,तो निर्माण कार्य अब तक अधूरा क्यों है। वर्ष 2010 में दो भवनों की स्वीकृति, फिर भी निर्माण नहीं इस मामले में महिला एवं बाल विकास अधिकारी के अनुसार वर्ष 2010 में ग्राम तुस्मा में दो नए आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति दी जा चुकी है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि वर्षों से समस्या बनी रहने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन की दरकार है।



तुस्मा का बदहाल आंगनबाड़ी केन्द्र।

एक सप्ताह तक पुलिस को चकमा देता रहा आरोपी, आखिरकार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

महिला की लकड़ी से पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को बिलाईगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। घटना हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथा की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। हसौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 22 अक्टूबर को ग्राम कैथा निवासी लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा का किसी बात को लेकर रंजीत धनुहार से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने महिला की लकड़ी से पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी महिला के शव को खेत में ले जाकर फेंक दिया और मौके से फरार हो गया।

खेत में मिली लाश तब हुआ खुलासा

शुक्रवार 23 अक्टूबर को गांव के कुछ लोगों को खेत में महिला की लाश दिखाई दी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना हसौद पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

जंगल में छिपा था आरोपी

पुलिस को गुरुवार 29 अक्टूबर को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि घटना का आरोपी रंजीत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बकरी पाली के जंगल में छिपकर रह रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर लिया।

खबर संक्षेप

जिले में 11 नवंबर को भाई दूज पर रहेगा स्थानीय अवकाश

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर 9 नवंबर को घोषित सार्वजनिक अवकाश के क्रम में कोरबा जिले के स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दुदावत द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब जिले में 11 नवंबर को भाई दूज (दीपावली) पर्व के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसके परिप्रेक्ष्य में कोरबा जिले के लिए पूर्व में जारी स्थानीय अवकाश संबंधी आदेश में संशोधन करते हुए 11 नवंबर को भाई दूज (दीपावली) के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

छायांक को देश राग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

कोरबा। भिलाई-दुर्ग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव देश राग में बालको डीपीएस के छात्र छायांक चन्द्रा ने शास्त्रीय संगीत की एकल गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, गुरुजनों, विद्यालय और नगर का गौरव बढ़ाया। नृत्यधाम कला समिति द्वारा 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित इस महोत्सव में नृत्य, संगीत, वाद्य यंत्र, चित्रकला एवं पेंटिंग सहित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। छायांक को शास्त्रीय संगीत की कनिष्ठ श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छायांक बचपन से ही बालको डीपीएस में संगीत शिक्षक मोरध्वज वैष्णव एवं कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दोनों गुरुजनों के सान्निध्य में उनकी संगीत प्रतिभा निरंतर निखर रही है। वर्तमान में वे नीलिमा स्वर साधना अकादमी की शिक्षिका श्रीमती नीलिमा जायसवाल के सान्निध्य में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त कर अपनी संगीत साधना को आगे बढ़ा रहे हैं। छायांक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में आयोजित संगीत प्रतियोगिताओं में भी अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।


दीवार ढहने से मजदूर की मौत

कोरबा। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतामढ़ी इलाके में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। मकान निर्माण कार्य के दौरान अचानक दीवार भरभराकर ढह जाने से मड़वा रानी (उरगा थाना क्षेत्र) के एक मजदूर की मलबे में दबकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। काम के दौरान हुआ हादसा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जरवे मड़वा रानी निवासी बीरबल सिंह (उम्र 55 वर्ष) पिता गोरखनाथ अपने साथी लक्ष्मीकांत के साथ कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी निवासी प्रदीप के घर में सोने (मकान निर्माण /फिनिशिंग) के काम में लगे हुए थे। कामकाज के दौरान अचानक एक कच्ची/कमजोर दीवार भरभराकर सीधे बीरबल सिंह के ऊपर आ गिरी। इस अचानक हुए हादसे में बीरबल दीवार के मलबे की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों और साथियों की मदद से घायल बीरबल सिंह को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जिला चिकित्सालय) में दाखिल कराया गया। यहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन गंभीर चोटें आने के कारण इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को संज्ञान में ले लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही, हादसे के कारणों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर आगे की कानूनी जांच शुरू कर दी गई है।

करवाचौथ पर दिनभर अन्न-जल त्यागकर की पति की दीर्घायु की कामना

सुहाग की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पति की लंबी उम्र, अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। सूर्योदय से शुरू हुआ व्रत चंद्रोदय तक चलेगा। दिनभर महिलाओं ने अन्न-जल ग्रहण नहीं किया। शाम होते ही करवा माता के पूजन और व्रत-कथा के लिए महिलाएं सामूहिक रूप से जुटीं। अब सभी को रात में चंद्रमा के दर्शन का इंतजार है।

करवा चौथ को लेकर शहर की कॉलोनियों, टाउनशिप और विभिन्न मोहल्लों में उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर करवा सजाए और विधि-विधान से पूजन की तैयारी की। कई स्थानों पर महिला संगठनों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से सामूहिक पूजन एवं व्रत-कथा का आयोजन किया गया। महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को करवा माता की पूजा और व्रत-कथा सुनेंगी। इसके बाद चंद्रमा के उदय होने का इंतजार किया जाएगा। चंद्रमा के दर्शन होते ही महिलाएं छलनी से चांद को देखेंगी और अर्घ्य देकर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। इस बार करवा चौथ पर संकष्टी चतुर्थी का भी संयोग होने से कई महिलाओं ने भगवान गणेश की आराधना भी की। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस दिन बुधादित्य योग का संयोग भी बन रहा है। शहर में शाम ढलते ही कॉलोनियों और टाउनशिप की छतों व आंगनों में करवा चौथ का उत्सवी माहौल नजर आएगा। मेहंदी रचे हाथ, सोलह श्रृंगार में सजी महिलाएं और सजे हुए करवे इस पर्व की खास तस्वीर पेश करेंगे। चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य के साथ महिलाओं का निर्जला व्रत पूरा होगा। चंद्रोदय का अनुमान रात करीब 8:53 से 9 बजे के बीच है। वहीं करवा पूजन के लिए शाम 5:51 से 7:07 बजे तक का समय शुभ बताया गया है। हालांकि चक्रवात के कारण चाँद दिखने के आसार काफी कम हैं।

बाजार में भी दिखा पर्व का असर- करवा चौथ को लेकर बाजारों में भी रौनक बनी रही। महिलाओं ने करवा, पूजन सामग्री के साथ चूड़ी, बिंदी, मेहंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की। उपहार की दुकानों पर भी चहल-पहल रही। बर्तन कारोबारियों के अनुसार इस बार बर्तनों के दाम में करीब 40 से 50 रुपये तक की वृद्धि हुई है, इसके बावजूद खरीदारी को लेकर उत्साह बना हुआ है।

वोट बचेगा तो देश बचेगा,संविधान बचेगा :पटनायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



- वोट बचाव देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस की पत्रकार वार्ता

कांग्रेस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए इस संविधान को बचाने के लिए देश बचाओ का कैम्पिंग चल रहा है। उसे वोट को अगर बचाया तो देश बच सकता है इसके लिए येआईसीसी ने मुझे ऑब्जर्बर नियुक्त कर यहां भेजा है।

उक्त बाते येआईसीसी प्रभारी नवज्योति पटनायक ने जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही उन्होंने कहा कि वोट बचाओ देश बचाओ अभियान में कुल कर फेस है1 तीसरी फेस के तहत ब्लॉक मंडल पंचायत में जिन-जिन लोगों का वोट काटा है वह कैसे काटा है किन कारणों से काटा है उसकी जानकारी हम बीयलओ से एकत्र कर रहे हैं ।हम गांव में चौपाल लगाएंगे यह जो वोट चोरी हो रही है वह बड़े वह छोटे शहरों में ज्यादा हो रही है ग्रामीण अंचलों में लोगों को वोट चोरी की जानकारी नहीं है। उन्हें जानकारी देने हमने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान चलाया है।आपका वोट बचेगा तो देश बचेगा वोट बचेगा तो संविधान बचेगा अकेले बिलासपुर जिले में ही 90हजार लोगों का वोट काटा है पेंड्रा में 23 हजार और पूरे देश में 13 करोड़ 30 लाख वोट काटे हैं यह जानकारी इलेक्शन कमीशन ने दी है। हम तो वही सवाल कर रहे हैं की वोट कैसे काटा कितना कटा क्या डुप्लीकेट वोट है। जेयनजी का जो आकर्मक रूप नजर आ रहा है के सवाल पर उन्होंने कहा कि देखिए इस समय आकर्मक रूप नहीं मानता बल्कि जेयनजी फ्रस्ट्रेशन में है जेयनजी को सवालों का जवाब नहीं मिल रहा है वह हेल्पलेस महसूस कर रहा है जेयन जी क्या सीखेगा की कैसे वोट कटेगा सीएनजी क्या यही सीखेंगे की चोरी कैसे की जाती है कैसे अधिकार छिन जाता है ।सवाल के ऊपर सवाल तो है पर जवाब नहीं मिल रहा तो जेनजी सड़क पर आया है। छत्तीसगढ़ से लगभग 4 से 5 हजार लोग दिल्ली रैली में शामिल होने जाएंगे ट्रेन बस और अन्य माध्यमों से यह सभी रैली में शामिल होंगे दिवाली पर्व को देखते हुए रैली को त्यौहार के बाद करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आप ही बताइए इसमें व्यापार बढ़ेगा या काम होगा पूरे देश से लोग दिल्ली पहुंचेंगे तो व्यापार ही बढ़ेगा। गांव गांव तक कांग्रेस नहीं पहुंच रही है जिला स्तर पर भी कुछ कमी नजर जो चीज जानी चाहिए वह नहीं पहुंच रही है के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसीलिए तो हम आए हैं इसीलिए यह कैंपेन चलाया जा रहा है ।यह वोट बचाओ देश बचाओ अभियान का तीसरा फेस है दो फेस खत्म हो गए हैं जितने ब्लॉक लेवल एजेंट ब्लॉक अध्यक्ष है उनसे मिलेंगे जितने लोगों का वोट काटा है उन्हें इसकी जानकारी देंगे गांव में चौपाल लगाएंगे और चर्चा कर उन्हें बताएंगे कि आखिर उनका वोट क्यों कटा है।

जिले के सभी छोटे-बड़े नदी और नाले उफान पर

कोरबा। क्षेत्र में चक्रवातीय तूफान 'अर्णव' के असर से मंगलवार से शुरू हुआ झमाझम बारिश का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को बारिश की तीव्रता और अधिक बढ़ गई, जो सुबह से लेकर देर शाम तक अनवरत जारी रही। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जिले के सभी छोटे-बड़े नदी और नाले उफान पर आ गए हैं, जिससे कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है।

जलग्रहण (कैचमेंट) क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण दर्री डैम (बर्डे) का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बुधवार सुबह लगभग 10 बजे दर्री डैम के गेट नंबर 12 को 2 फीट तक खोल दिया। डैम का गेट खोले जाने से 2,799 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की दर से नदी में छोड़ा जा रहा है। तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और नदी के करीब न जाने की हिदायत दी गई है।

बांगो बांध पर अधिकारियों की कड़ी नजर

दूसरी ओर, क्षेत्र के प्रमुख बांगो बांध के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी बांध के जलस्तर पर पल-पल नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि बांगो बांध को अपनी पूर्ण क्षमता तक भरने में अभी काफी समय लगेगा, इसलिए फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की आवश्यकता नहीं है।

निचले इलाकों में अलर्ट जारी

नदी-नालों के उफान पर आने से प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। जल संसाधन विभाग और आपदा प्रबंधन टीम लगातार स्थिति का जायजा ले रही हैं। बाढ़ और जलभराव की आशंका को देखते हुए नदी किनारे बसी बस्तियों में मुनादी कराकर अलर्ट जारी कर दिया गया है।

जनगणना की चरणबद्ध तैयारी तेज 10 जनवरी से शुरू होगी स्व-गणना

कोरबा। जनगणना-2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जनगणना का काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। 10 से 24 जनवरी तक स्व-गणना, इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी तक घर-घर जाकर गणना और 1 से 5 मार्च तक पुनरीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अधिकारियों को सभी चरणों की तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बुधवार को जनगणना-2027 के तहत जिला एवं चार्ज अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूरी गंभीरता और सावधानी बरती जाए। प्रथम चरण की कार्ययोजना के अनुसार सभी तैयारियां समय पर पूरी हों तथा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए।जनगणना के पहले चरण में 10 से 24 जनवरी 2027 तक स्व-गणना के लिए पोर्टल खुला रहेगा। इस दौरान नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को शत-प्रतिशत स्व-गणना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक

- 25 जनवरी से 28 फरवरी तक घर-घर गणना, 1 से 5 मार्च तक पुनरीक्षण

35 दिनों में घर-घर जाकर जनगणना की जाएगी। एक परिवार की गणना में करीब 23 से 30 मिनट लगने की संभावना है। 28 फरवरी को शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक बेघर लोगों की गणना की जाएगी। इसके बाद 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण दौर चलेगा, जिसमें छूटे हुए लोगों को शामिल किया जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना में दर्ज किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। अधिकारियों को जनगणना के नए प्रावधानों और नियमों को गंभीरता से समझकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।प्रशिक्षण में राष्ट्रीय प्रशिक्षक एवं जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के संयुक्त निदेशक अशोक मिश्रा ने जनगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जिला जनगणना अधिकारी ओंकार यादव, अपर कलेक्टर कटघोरा, जिला नोडल अधिकारी बैद्यनाथ कुमार तथा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एम.एस. कंवर उपस्थित रहे। जिले में जनगणना के लिए कुल 24 चार्ज बनाए गए हैं, जिनमें 12 ग्रामीण और 12 शहरी क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की आवश्यकता होगी। कलेक्टर ने इनके समय रहते चिन्हांकन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी करने को कहा।

भूविस्थापितों ने उठाए मुआवजा रोजगार और पुनर्वास के मुद्दे



कोरबा। एसईसीएल दीपका क्षेत्र में प्रबंधन और भूविस्थापितों के बीच हुई बैठक में लंबित मुआवजा, रोजगार, पुनर्वास और आजीविका से जुड़े मुद्दे उठाए गए। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप के नेतृत्व में प्रभावित गांवों के प्रतिनिधियों ने मांगें रखीं। प्रबंधन ने समस्याओं के निराकरण के लिए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। सुवाभोड़ी के 64 परिवारों के लंबित मुआवजे का मुद्दा उठा। समिति ने मकान और परिसंपत्तियों के भुगतान में जीपीएस की बाध्यता को समाप्त कर पात्र परिवारों को जल्द भुगतान की मांग की। निर्धारित 10 लाख रुपए की बसाहट राशि के अतिरिक्त देय 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने, मकान ध्वस्तीकरण के समय बालिग हुए युवक-युवतियों को पृथक बसाहट का लाभ देने की मांग भी की गई। पेड़-पौधे, शौचालय, बाउंड्रीवाल और पटाव जैसी छूटी परिसंपत्तियों का मुआवजा तथा मृत व्यक्तियों के नाम स्वीकृत राशि उनके वैध वारिसों को देने की मांग रखी गई। भूविस्थापितों के स्वरोजगार के लिए स्थानीय निविदाओं की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपए करने और स्थानीय ठेकेदारों को समान अवसर देने की मांग भी की गई। बैठक में महाप्रबंधक शरद तिवारी सहित भूमि एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

- दीपका प्रबंधन और भूविस्थापितों के बीच हुई बैठक

सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी में ई-कचरा प्रबंधन पर चला जागरूकता अभियान

कोरबा। सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में ई-कचरा प्रबंधन दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित प्रबंधन, पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भाषण, नारा लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने की। कार्यक्रम का निर्देशन पूजा ठाकुर एवं श्रवण कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को ई-कचरे के दुष्प्रभावों, उसके सुरक्षित निपटान और पुनर्चक्रण के महत्व से अवगत कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतियोगिताओं के



माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग के बाद निकलने वाले कचरे का लापरवाही से निपटान पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे कचरे का उचित प्रबंधन और पुनर्चक्रण पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को पर्यावरण से जुड़ी जिम्मेदारियों को समझने और दैनिक जीवन में उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में स्वाति पटेल और यामिनी बरेठ ने हासिल किया प्रथम स्थान चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग की स्वाति पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रिया यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं, हाईस्कूल विभाग में यामिनी बरेठ ने प्रथम और साधना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से ई-कचरे के उचित प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

विदेशी नौकरी का झांसा देकर म्यांमार में बंधक बनाकर साइबर ठगी कराने वाले गिरोह की महिला सदस्य गिरफ्तार

कोरबा। थाना दर्री में प्रार्थिया निवासी दर्री ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फेसबुक पर बैंकॉक में ऑफिस असिस्टेंट की नौकरी का विज्ञापन देखकर उसने संपर्क किया था। आरोपी महिला लीजा एवं उसके साथियों ने उसे बेंगलुरु बुलाया और फिर फ्लाइट से थाईलैंड गए और बोर्डर पार कराकर म्यांमार के के के पार्क पहुँचा दिया। वहाँ उसका पासपोर्ट जब्त कर उसे बंधक बनाया गया, प्रताड़ित किया गया और फर्जी सोशल मीडिया आईडी के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग व निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने के लिए मजबूर किया गया। भारतीय दूतावास एवं स्थानीय प्रशासन की मदद से प्रार्थिया को सुरक्षित भारत लाया गया। तत्पश्चात प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना दर्री, जिला कोरबा में अपराध क्रमांक 331/2026, धारा 143(2), 146 बी एन एस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना में संलिप्तता पाए जाने पर आरोपिया स्नेहा भथलाल बडोले (35 वर्ष), निवासी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और रिमांड प्राप्त की गई। अन्य आरोपियों तथा गिरोह के डिजिटल व वित्तीय नेटवर्क की जाँच जारी है।

सरकारी जमीन पर फ्लाई ऐश डंपिंग का आरोप

कोरबा। जनपद पंचायत करतला के ग्राम पंचायत चांपा खसरा नंबर -167 में शासकीय एवं आबादी भूमि पर बड़े पैमाने पर फ्लाई ऐश डंपिंग किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पर्यावरण संरक्षण मंडल के आदेश का हवाला देकर निजी कंपनी द्वारा गांव के पास स्थित शासकीय भूमि पर करीब एक लाख मीट्रिक टन फ्लाई ऐश डंप करने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि जिस स्थान का चयन किया गया है, वह वर्षों से ग्रामीणों के उपयोग में आने वाली सार्वजनिक भूमि है, जहां साप्ताहिक हाट-बाजार, सूखा तालाब और अन्य सामाजिक गतिविधियां भी संचालित होती हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारियों ने वास्तविक स्थल निरीक्षण किए बिना ही अनुमति प्रदान कर दी। उनका कहना है कि यदि फ्लाई ऐश डंपिंग शुरू हुई तो क्षेत्र में धूल प्रदूषण बढ़ेगा, जिससे आसपास के किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। साथ ही सार्वजनिक भूमि भविष्य में अनुपयोगी होने की आशंका भी जताई गई है। ग्रामीणों ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा है कि चारागाह, तालाब और सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी अनुमति की पुनः जांच कराने, आदेश को निरस्त करने तथा खनिज एवं पर्यावरण विभाग की संयुक्त टीम से मौके का निरीक्षण कराने की मांग की है। ज्ञापन पर गांव के कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। अब ग्रामीणों की नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है कि क्या सार्वजनिक भूमि पर प्रस्तावित फ्लाई ऐश डंपिंग को रोका जाएगा या नहीं।

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से की खनिज और पर्यावरण विभाग की संयुक्त जांच की मांग

उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में 26.17 करोड़ के दो उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्यों का शुभारंभ

दर्री बराज-बरमपुर मार्ग पर अहिरन नदी में 17 करोड़ की लागत से होगा पुल निर्माण

कोरबा। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने और सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में गुरुवार को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कुल 26.17 करोड़ की लागत से दो उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। दर्री बराज–बरमपुर मार्ग पर अहिरन नदी में17.05 करोड़ तथा दर्री से सीएसईबी चौक के बीच कोहड़िया के समीप बेलगिरी नाला पर 9.11 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा।

कोहड़िया के समीप बेलगिरी नाला पर आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि वर्तमान पुल के संकरे होने के कारण आवागमन में असुविधा के साथ दुर्घटनाओं की आशंका



बनी रहती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए 9.11 करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका कार्य अब प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र में मुख्य सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण तथा पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, मुकुंद सिंह कंवर, एल्डरमैन ईश्वर साहू, पार्षद श्रीमती भानुमति जायसवाल, रामाधर पटेल, मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, माधव जायसवाल, हीरु जायसवाल, श्रीमती देवकी साहू, भानु यादव, ओमप्रकाश पटेल, रामधन पांडे सहित अधिक संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे।

अहिरन नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल

दर्री बराज–बरमपुर मार्ग पर अहिरन नदी में 17.05 करोड़ की लागत से बनने वाले उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। बरमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि लगभग 85 करोड़ की लागत से बरमपुर मोड़ से दर्री बराज तक नई सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी मार्ग पर अहिरन नदी में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होने से सड़क संपर्क और आवागमन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि मेजर ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक लगभग 30 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इन सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से बरमपुर क्षेत्र से भारी वाहन दर्री के रास्ते कटघोरा तथा बालको रिंग रोड की ओर आवागमन कर सकेंगे। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव काफी हद तक कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़कें, मजबूत पुल और सुगम यातायात व्यवस्था कोरबा के विकास की महत्वपूर्ण जरूरत को ध्यान में रखकर कार्य कराई जा रहे हैं। इन अधोसंरचनात्मक कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था को भी लाभ होगा।

कोरबा मार्केट
स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
8770020185, 07759-222211
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसरीबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

खबर संक्षेप

बाइक कार से टकराई, हवा में उछलकर डिवाइडर पार पहुंचा युवक



कोरबा। गुरुवार की देर शाम हुए एक सड़क हादसे का खौफनाक लाइव वीडियो सामने आया है। रिमझिम बारिश के बीच ट्रांसपोर्ट नगर के मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार का ऐसा खतरनाक नजारा देखने को मिला, जिसे देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं। शाम हुए इस हादसे में कार से टकराने के बाद बाइक सवार युवक हवा में उछलकर डिवाइडर के दूसरी ओर जा गिरा और वहां से गुजर रहे एक अन्य दोपहिया वाहन से जा भिड़ा। हादसे में बाइक सवार युवक को गंभीर चोटें आई हैं। सामने आए वीडियो में हादसे की भयावहता साफ दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में मुख्य मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक एक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक उछलकर डिवाइडर पार करते हुए सड़क के दूसरी ओर जा गिरा। इसी दौरान दूसरी तरफ से गुजर रहे एक दंपती के दोपहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। बारिश के बीच सड़क पर तेज रफ्तार से वाहन चलाना कितना खतरनाक साबित हो सकता है, यह घटना उसका उदाहरण है। हादसे का लाइव वीडियो सामने आने के बाद सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वाहन चालकों के लिए जरूरी है कि वे बारिश के दौरान सड़क पर अतिरिक्त सावधानी बरतें, गति नियंत्रित रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

39 हाथियों ने फसल को रौंद किया सरहद पार

कोरबा। वनमंडल कोरबा के गेरांव गांव में विगत दो दिनों से मौजूद 39 हाथियों के दल ने बीती रात करतला के रास्ते जिले की सीमा को पार कर छाल रेंज का रूख कर लिया। हाथियों ने यहां पहुंचने से पहले रास्ते में करतला, बड़मार व चारमार गांव में 15 किसानों के धान की फसल को रौंद दिया, जिससे संबंधितों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार शाम होते ही हाथियों के झुंड ने आगे का रूख किया और पहले घोटमार जंगल पहुंचा और वहां कुछ देर विचरण करने के बाद करतला, बड़मार व चारमार के रास्ते कोरबा वनमंडल की सीमा का पार कर छाल रेंज पहुंच गया। इस दौरान वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी करती रही। कोरबा की सीमा को पार करने के बाद संबंधित अमले को जानकारी देने के साथ वापस लौट गई। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक हाथियों का दल छाल रेंज के बरसपुर जंगल में मौजूद है। जिसका लोकेशन ड्रोन कैमरे के जरिए पता चल रहा है। उधर 10 हाथी अभी भी करतला रेंज में डेरा डाले हुए है। हाथियों का यह दल लबेद क्षेत्र में स्थित पहाड़ पर विचरण कर रहा है। दल में नन्हे शावक भी शामिल हैं।

3 दिन में मांगा जवाब, कार्रवाई की चेतावनी

बिना नंबर प्लेट के वाहन से कचरा परिवहन और कर्मचारियों की सुरक्षा में बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकोरबा

शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं हथालन नियम 2016 के नियम 4 एवं मान. उच्चतम न्यायालय में पारित आदेश के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में निहित प्रावधानानुसार छ.ग.रा.वि.मं.कंपनी मर्या. कार्य क्षेत्र बल्क वेस्ट की श्रेणी में आता है, जिसके तहत आवासीय कालोनी एवं औद्योगिक परिसर की साफ-सफाई कार्य से उत्सर्जित अपशिष्ट का एकत्रीकरण, संग्रहण, परिवहन एवं समापन का कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप संपादित कराने का दायित्व संस्थान का है, परंतु देखने में आ रहा है कि समाचार पत्र एवं मीडिया में प्रकाशन के अनुसार संस्थान के सफाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों को बिना नम्बर प्लेट के वाहन, खुले रूप से अपशिष्ट का परिवहन, असुरक्षित रूप से अपशिष्ट वाहन में बैठाया जा रहा है

जबकि सफाई कार्य से उत्सर्जित अपशिष्ट का एकत्रीकरण, संग्रहण, पृथकीकरण, परिवहन एवं समापन का कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किया जाना है, आपका यह कृत्य मान.एनजीटी तथा मान.उच्चतम न्यायालय के पारित आदेश के अंतर्गत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा केन्द्रीय सरकार पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 3.6 एवं 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों कें अंतर्गत एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, लेबर एक्ट नियम 1973 एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा सफाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों के सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये कार्य नहीं कराया जा रहा है। कचरे से भरे ट्रैक्टर पर स्वच्छता दीदियों को बैठाकर ले जाने और बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से कचरे का परिवहन किए जाने के मामले में नगर पालिक निगम कोरबा ने सख्त रुख अपनाया है। मीडिया में मामला सामने आने के बाद निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के डीएसपीएम संयंत्र के मुख्य अभियंता को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुये संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। मंगलवार को बुधवारी के समीप कचरे से लदे ट्रैक्टर पर स्वच्छता दीदियों को बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया था। संबंधित वाहन पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। इस घटना ने सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा और कचरे के परिवहन में निर्धारित नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। विभिन्न मीडिया व समाचार पत्रों ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

इस संबंध में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस विषय पर गंभीरता से मामले को संज्ञान में लेते हुये जांच कराया गया, जिससे पता चला की उक्त टेक्टर सफाई का कार्य डी.एस.पी.एम. सीएसईबी कोरबा का होना पाया गया, इस संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 28 अक्टूबर को छ.ग.रा.वि.मं.कं. मर्या. कोरबा पूर्व को लेबर एक्ट अधिनियम 1973 एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा सफाई कार्य में संलग्न कर्मचारियों के सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये 3 दिवस का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



3 दिवस में जवाब देने का अल्टीमेटम

नगर निगम ने डीसीपीएम के मुख्य अभियंता को 3 दिवस के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निगम ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों, श्रम कानूनों तथा संबंधित दिशा-निर्देशों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

बांकी मोंगरा नगर पालिका में स्वच्छता दीदियों का दर्द

एक ही साड़ी या सूट पहनकर रोज काम पर आने का फरमान, व्यवस्था पर उठे सवाल

कोरबा। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में स्वच्छता दीदियों को परिषद की ओर से दिए गए कपड़ों को लेकर नया विवाद सामने आया है। स्वच्छता दीदियों का कहना है कि उन्हें परिषद की ओर से केवल एक साड़ी या एक सूट दिया गया है, लेकिन अब उन्हें रोजाना वही कपड़ा पहनकर काम पर आने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि सुबह से शाम तक मेहनत करने वाली स्वच्छता दीदियां आखिर एक ही जोड़ी कपड़ों में रोजाना काम कैसे करें?

स्वच्छता दीदियों के मुताबिक, नगर पालिका परिषद की ओर से उन्हें पहनने के लिए एक साड़ी या सूट उपलब्ध कराया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी की ओर से निर्देश दिया गया है कि स्वच्छता दीदियां परिषद द्वारा दिए गए कपड़े पहनकर ही रोजाना काम पर आएं। इस निर्देश को लेकर स्वच्छता दीदियों के सामने व्यावहारिक परेशानी खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि वे सुबह से लेकर शाम तक सफाई सहित अन्य कार्यों में जुटी रहती हैं। ऐसे में रोजाना एक ही कपड़ा पहनकर काम करना उनके लिए मुश्किल है। कपड़े गंदे होने, पसीने और धूल-मिट्टी के कारण उन्हें नियमित रूप से धोने की आवश्यकता भी होती है। स्वच्छता दीदियों ने अपनी परेशानी जाहिर करते हुए सवाल उठाया है कि जब कर्मचारियों से रोजाना एक ही साड़ी या सूट पहनकर आने की अपेक्षा की जा रही है, तो क्या अधिकारी भी रोजाना एक ही कपड़ा पहनकर कार्यालय आएंगे? उनका कहना है कि कर्मचारियों को निर्देश देना आसान है, लेकिन किसी निर्देश को लागू करने से पहले उनकी वास्तविक परिस्थितियों और जरूरतों को समझना भी जरूरी है।

दो जोड़ी कपड़े देने की मांग

स्वच्छता दीदियों की मांग है कि यदि नगर पालिका परिषद चाहती है कि सभी कर्मचारी निर्धारित साड़ी या सूट पहनकर ही ड्यूटी पर आएं, तो उन्हें कम से कम दो जोड़ी कपड़े उपलब्ध कराए जाएं। इससे वे एक जोड़ी कपड़े धोने के दौरान दूसरी जोड़ी पहनकर काम पर आ सकेंगी। उनका कहना है कि वे निर्धारित ड्रेस पहनने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी व्यवस्था भी होनी चाहिए। केवल एक जोड़ी कपड़े देकर रोजाना उसी को पहनकर आने की अपेक्षा करना उनकी व्यावहारिक समस्याओं को बढ़ा सकता है। स्वच्छता दीदियों का कहना है कि वे अपने काम और जिम्मेदारियों को समझती हैं। नगर पालिका प्रशासन को भी उनकी परेशानियों को समझते हुए उचित समाधान निकालना चाहिए।

मटन दुकान पर निगम का शिकंजा, बंद करने या स्थानांतरित करने का नोटिस

कोरबा। शहर के मानिकपुर वार्ड क्रमांक 33 में मुख्य मार्ग पर संचालित कल्लू मटन दुकान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट को सार्वजनिक नाली में बहाने, गंदगी और दुर्गंध फैलने की शिकायतों के बीच नगर पालिक निगम के स्वच्छता विभाग ने दुकान संचालक को नोटिस जारी कर तत्काल व्यवसाय बंद करने अथवा निगम द्वारा चिह्नित नॉन-वेज मार्केट में स्थानांतरित होकर संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम के स्वच्छता विभाग द्वारा 26 अक्टूबर को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि मानिकपुर बस्ती में पशुवध कर मटन विक्रय का कार्य किया जा रहा है। व्यवसाय से उत्पन्न अपशिष्ट को सार्वजनिक नाली में बहाए जाने से दुर्गंध और गंदगी फैलने के साथ बीमारियों की आशंका उत्पन्न हो रही है। निगम ने इसे नगर पालिक निगम अधिनियम का उल्लंघन बताते हुए निर्देशों का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है इधर मानिकपुर वार्ड के रहवासियों ने आयुक्त को आवेदन सौंपकर दुकान को आबादी वाले क्षेत्र से हटाने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि मुख्य मार्ग से स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का नियमित आवागमन होता है। दुकान के आसपास गंदगी और दुर्गंध से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रहवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि मांस का अपशिष्ट और खून नाले में बहाया जा रहा है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं

वार्डवासियों के अनुसार, इस संबंध में पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं। उन्होंने महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर से भी मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत करेंगे और संबंधित न्यायालय में लोक न्यूसेंस के तहत कार्रवाई की मांग करेंगे अब देखना होगा कि निगम के नोटिस के बाद दुकान संचालक निर्देशों का पालन करता है या प्रशासन आगे की कार्रवाई करता है।

पारदर्शी प्रक्रिया से संपन्न हुई रेत खदानों की नीलामी

कोरबा। कार्यालय कलेक्टर, जिला कोरबा (खनिज शाखा) द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के प्रावधानों के अंतर्गत जिले की तीन रेत खदानों-भिलाईखुर्द, कुदमुरा-2 एवं चारपारा की नीलामी प्रक्रिया दिनांक 28 अक्टूबर को संपन्न की गई।

उक्त रेत खदानों के लिए 21 अक्टूबर को निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गई थी। नीलामी की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से रिवर्स ऑक्शन पद्धति से संपन्न कराई गई। निर्धारित सीलिंग प्राइस 2 सौ रुपए के विरुद्ध न्यूनतम बोली राशि 50 रुपए प्रस्तुत किए जाने के फलस्वरूप पात्र बोलीदारों के मध्य पोर्टल के माध्यम से लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत तीनों रेत खदानों के लिए अधिमानी बोलीदार घोषित किए गए। भिलाईखुर्द रेत खदान की नीलामी में कुल 115 बोलीदारों ने भाग लिया। लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से श्री आशीष कुमार गुप्ता, निवासी वार्ड क्रमांक 2, बाजारपारा, कोटमीकला, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ को अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया। इसी प्रकार, कुदमुरा-2 रेत खदान की नीलामी में कुल 241 बोलीदारों ने भाग लिया। लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से श्री हरजिंदर सिंह, निवासी गढ़फुलझर, बसना, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ को अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया। चारपारा रेत खदान की नीलामी में कुल 132 बोलीदारों ने भाग लिया। लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से जुगेश्वर बाग, निवासी पलसापाली, महासमुंद-अंकोरी क्षेत्र, छत्तीसगढ़ को अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया।

इस प्रकार जिले की तीनों रेत खदानों की नीलामी प्रक्रिया में कुल 488 बोलीदारों ने भाग लिया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल के माध्यम से रिवर्स ऑक्शन एवं लॉटरी के जरिए अधिमानी बोलीदारों का चयन किया गया। खनिज विभाग द्वारा नीलामी प्रक्रिया को निर्धारित नियमों एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराया गया। खदानों का संचालन संबंधित नियमों, स्वीकृत अनुमति एवं निर्धारित शर्तों के अधीन ही किया जा सकेगा।



मिठाई की दुकानों में हाइजीन की अनदेखी, सेहत से खिलवाड़

कोरबा। त्योहार और शादी-ब्याह के सीजन में मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ी है लेकिन इनके निर्माण और बिक्री में स्वच्छता व स्वास्थ्यकर मानकों की अनदेखी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। कोरबा शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों में हाइजीन संबंधी खामियां मिलने से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और आम लोगों की सेहत को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम डेयरियों, मिठाई दुकानों और बाजारों में लगातार निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने ले रही है। साथ ही प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था की भी जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। हाइजीन की अनदेखी का मामला 3 अक्टूबर को कोसाबाड़ी रोड स्थित न्यू दिल्ली स्वीट्स में सामने आया था। यहां टॉयलेट में बर्तन धोने की शिकायत/मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने जांच की। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की गई। यह मामला सामने आने के बाद खाद्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और खाद्य पदार्थ तैयार करने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। इसके बाद 21 अक्टूबर को मुड़ापार बाजार के पास दीपक स्वीट्स एंड डेयरी में भी साफ-सफाई और हाइजीन संबंधी नियमों का उल्लंघन पाया गया। विभाग ने निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर कार्रवाई की।दर्री क्षेत्र स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर (जमनीपाली) स्थित लक्ष्मी डेयरी में शनिवार को ग्राहक को नाश्ते के साथ परोसे गए सांभर में कीड़ा मिला था। इससे स्पष्ट है कि खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता मानकों का पालन अभी भी चुनौती बना हुआ है।खाद्य विभाग का कहना है कि मिलावटी या अशुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए निरीक्षण और नमूना लेने की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रतिष्ठानों में हाइजीन व्यवस्था की भी जांच की जा रही है और नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।सवाल यह है कि कार्रवाई के बावजूद खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता मानकों की अनदेखी आखिर कब थमेगी? क्योंकि मिठाई की गुणवत्ता से ज्यादा बड़ा सवाल अब उसे तैयार करने की जगह की स्वच्छता और लोगों की सेहत का बन गया है।

पावरहाउस रोड में डामरीकरण के बाद पानी डालने वालों के विरूद्ध निगम की कार्रवाई

कोरबा। नगर निगम द्वारा कोरबा जोन अंतर्गत सुनालिया ब्रिज से मस्जिद तक पावरहाउस रोड में बिटुमिनस (डामरीकृत) सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से शहरवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान कुछ दुकानदारों एवं अन्य लोगों द्वारा सड़क पर पानी डालने, वाहनों की धुलाई करने तथा दुकानों के सामने पानी बहाने जैसी गतिविधियां की जा रही हैं, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नागरिकों एवं व्यापारियों को लगातार समझाईश दी जा रही है कि निर्माणाधीन सड़क पर पानी न डालें तथा ऐसी किसी भी गतिविधि से बचें, जिससे सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो। इसके बावजूद समझाईश के बाद भी कुछ लोगों द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर निगम द्वारा 25 अक्टूबर को कार्रवाई की गई।

3 दुकानों पर 2-2 हजार जुर्माना- निर्माणाधीन सड़क पर पानी डालने के माम&ले में नगर निगम द्वारा 3 दुकानों पर 2-2 रूपये का लगाया गया जुर्माना। इस हेतु नवीन इलेक्ट्रिकल, अग्रवाल स्टोर और मोती ब्रदर्स पर जुर्माने के साथ-साथ चेतावनी दी गई। उन्हें स्पष्ट किया गया कि सड़क पर पानी डालने के कारण यदि सड़क खराब होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित दुकान की होगी। भविष्य में इस प्रकार की गतिविधि पाए जाने पर नियमानुसार आगे भी कार्रवाई की जा सकती है।

जनता के हित में हो रहा निर्माण

सुनालिया ब्रिज से मस्जिद होते हुए रेलवे क्रॉसिंग तक पावरहाउस रोड का निर्माण शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कराया जा रहा है। सड़क बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा आम नागरिकों, वाहन चालकों और व्यापारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। यह विकास कार्य जनहित से जुड़ा है, इसलिए इसके निर्माण में सभी की सहभागिता और सहयोग आवश्यक है। नगर निगम द्वारा नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने तक निर्माणाधीन हिस्से पर पानी न डालें, वाहनों की धुलाई सड़क पर न करें तथा दुकानों के सामने पानी बहाने से बचें। सभी नागरिक अपने व्यवहार में आवश्यक सावधानी बरतें, ताकि सड़क का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूरा हो सके और सार्वजनिक धन से निर्मित सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। नगर निगम का उद्देश्य केवल सड़क का निर्माण कराना नहीं, बल्कि शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ सड़क उपलब्ध कराना है। इसके लिए निर्माण एजेंसी के साथ-साथ आम नागरिकों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। निगम ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों के दौरान लापरवाही एवं निर्माण कार्य को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पानी डालने से सड़क की गुणवत्ता पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव

बिटुमिनस सड़क का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों एवं प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है। निर्माण के दौरान सड़क पर अनावश्यक रूप से पानी डालने, वाहनों की धुलाई करने तथा दुकानों के सामने पानी बहाने से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। इससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित होने और सड़क समय से पहले खराब होने की आशंका रहती है। ऐसे में निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतना और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना बेहद जरूरी है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

7 दिन की मोहलत, 4 नवंबर से चक्काजाम की चेतावनी

20-25 हजार लोगों की रोज आवाजाही, फिर भी बदहाल कुचेना अंडरब्रिज

कोरबा। गेवरा और दीपका को जोड़ने वाले कुचेना बाईपास मार्ग का रेलवे अंडरब्रिज लंबे समय से बदहाली का शिकार है। अंडरब्रिज से रोजाना करीब 20 से 25 हजार लोगों की आवाजाही होती है, लेकिन सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ा हुआ डामर राहगीरों के लिए परेशानी और हादसे का कारण बन रहा है। जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 64 की पार्षद आरती लखन और बांकीमोंगरा पालिका क्षेत्र के वार्ड 19 के पार्षद लक्ष्मण सिंह कंवर ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल सुधार की मांग की है।

पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 4 नवंबर से आम जनता के साथ हड़ताल और चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होने की बात कही गई है। कुचेना अंडरब्रिज से एसईसीएल के दीपका और गेवरा प्रोजेक्ट सहित कई निजी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों की बड़ी संख्या रोजाना गुजरती है। इसके अलावा बिलासपुर की ओर जाने वाले लोगों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में सड़क की बदहाली का सीधा असर हजारों लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही पर पड़ रहा है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंडरब्रिज का निर्माण बेहद संकरा और गुणवत्ताहीन तरीके से किया गया। सड़क पर कराया गया डामरीकरण भी कथित तौर पर इतना कमजोर था कि एक महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी। वर्तमान में जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पार्षदों का आरोप है कि गड्ढों की स्थायी मरम्मत करने के बजाय कई जगह मिट्टी और कंक्रीट डालकर पैचवर्क किया जा रहा है। इससे सड़क की स्थिति सुधारने के बजाय और खराब हो रही है। बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच गड्ढे फिर उभर आने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रोजाना हजारों लोगों के गुजरने वाले इस मार्ग की बदहाली ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता के साथ-साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अंडरब्रिज की तकनीकी जांच, गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए स्थायी समाधान की मांग की है। अब नजर प्रशासन की कार्रवाई पर है। सात दिन की समय-सीमा और 4 नवंबर से चक्काजाम की चेतावनी के बाद यह मुद्दा केवल सड़क की मरम्मत का नहीं, बल्कि रोजाना आवाजाही करने वाले हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा जनहित का सवाल बन गया है।

मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
पेट, लिवर एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच एवं विशेषज्ञ उपचार।
सभी रोगों का ईलाज
• पेट दर्द, एसिडिटी, कब्ज एवं पीलिया
• लिवर रोग, हेपेटाइटिस एवं पेट की टी.बी.
• पित्त की पथरी, हर्निया एवं अपेंडिक्स
अनुभवी चिकित्सक द्वारा अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपी, एंडोस्कोपी एवं पेट की सर्जरी
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा उपलब्ध है।
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411